भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1062

28 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बिहार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य अवसंरचना एवं निधि आवंटन

1062 # डा. धर्मशीला गुप्ता:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जून, 2019 से अब तक बिहार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कितने नए स्वास्थ्य संस्थाओं जैसे स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य केंद्र तथा अन्य स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना अथवा उन्नयन किया गया है, जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत बिहार के लिए कितनी धनराशि आवंटित, जारी एवं प्रयुक्त की गई है, योजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): हेल्थ डायनेमिक्स ऑफ इंडिया (एचडीआई) एक वार्षिक प्रकाशन है, जो राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट किए गए स्वास्थ्य परिचर्या प्रशासनिक डेटा पर आधारित है। स्वास्थ्य अवसंरचना की उपलब्धता का विवरण, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), उप-स्वास्थ्य केंद्र (एसएचसी) और बिहार सहित पूरे देश में स्थापित या उन्नत अन्य स्वास्थ्य इकाइयों का जिला-वार विवरण, एचडीआई 2023-24 के प्रकाशन के अंतर्गत एचएमआईएस पोर्टल के माध्यम से निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:

https://hmis.mohfw.gov.in

एसएचसी और पीएचसी को सुदृढ़ करके कुल 1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) संचालित किए गए हैं, जिसमें बिहार के 12,444 एएएम शामिल हैं। ये एएएम सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए निवारक, प्रोत्साहक, पुनर्वास संबंधी और उपचारात्मक परिचर्या प्रदान करते हैं। एएएम चरणबद्ध रूप से देश भर में, बिहार सहित, प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं के 12 पैकेज प्रदान करते हैं, जिसमें प्रजनन और बाल परिचर्या सेवाएं, संचारी रोग, गैर-संचारी रोग (एनसीडी), उपशामक परिचर्या और वृद्धजनों की

परिचर्या, सामान्य मानसिक विकारों की परिचर्या, न्यूरोलॉजिकल स्थितियां (मिरगी, डिमेंशिया) और पदार्थ उपयोग विकार प्रबंधन (तंबाकू, शराब, ड्रग्स) मुख संबंधी स्वास्थ्य, ईएनटी परिचर्या और मूल आपातकालीन परिचर्या शामिल हैं। ।

(ख): विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के लिए बिहार राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत केंद्रीय निर्गम एवं व्यय इस प्रकार है:

(रुपये करोड़ में)

क्र.सं.	**राज्य**	**2023-24**		**2024-25**		**2025-26**		**2026-27**	
		केंद्रीय निर्गम	**व्यय (राज्य के हिस्से सहित)**	**केंद्रीय निर्गम**	**व्यय (राज्य के हिस्से सहित)**	**केंद्रीय निर्गम**	**व्यय (राज्य के हिस्से सहित)**	**केंद्रीय निर्गम**	**व्यय (राज्य के हिस्से सहित)**
1	बिहार	2,032.95	4,010.97	2,367.18	4,466.31	2,508.99	4,287.22	763.33	437.77

*****